श्री महेश्वर सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त निवेदन प्रश्न संख्या– 1/212/569 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के नारायणपुर पुल से हरिहरपुर पुल तक वैशाली कैनाल पर वैशाली तक पिच रोड का निर्माण अत्यावश्यक है? इससे आसपास के हजारों लोगों का आवागमन सुगम होगा तथा बरसात के समय होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी? अतः मैं निवेदन के माध्यम से सदन में सरकार से उक्त पिच रोड के निर्माण हेतु मांग करता हूँ?	वस्तुस्थिति यह है कि तिरहुत मुख्य नहर के 168.87 कि0मी0 (दायाँ) से वैशाली शाखा नहर निःसृत है। वैशाली शाखा नहर की कुल लंबाई 47.25 कि0मी0 है। उक्त शाखा नहर के 0.00 कि0मी0 से 4.57 कि0मी0 तक का भाग पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड तथा शेष भाग मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज, पारू एवं सरैया प्रखंड के अधीन आता है। वर्तमान में प्रश्नगत शाखा नहर का सेवापथ कच्चा है तथा इसका उपयोग नहर निरीक्षण के रूप में किया जाता है। वैशाली शाखा नहर के सेवापथ का पक्कीकरण कार्य हेतु तकनीकी दृष्टीकोण से सर्वेक्षण कार्य कराकर योजना प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा।

25/5/16

४

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांकः– 29 / सं0का0–06–08 / 2026 2148 पटना, दिनांकः– 24/04/2026

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को निवेदन प्रश्न सं0–01 / 212 / 569 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. संयुक्त सचिव, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/4/26

(बलिराम प्रसाद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– 29 / सं0का0–06–08 / 2026 2148 पटना, दिनांकः– 24/04/2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/4/26

सरकार के उप सचिव।